श्याम बाबा की जयकार बोलो जी बोलो भजन लिरिक्स

श्याम बाबा की जयकार,
बोलो जी बोलो,
लीले वाले की जयकार,
बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो।bd।

खाटू वाले श्याम धणी की,
महिमा जग में न्यारी,
जिसका नहीं कोई जगत में,
उसके श्याम बिहारी,
चाहे नर हो चाहे नार,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो।bd।

अहलवती का लाल देखने,
महाभारत रण आया,
शीश दान दे श्री कृष्ण को,
श्याम नाम वर पाया,
इनकी महिमा अपरम्पार,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो।bd।

पहन केसरिया बागा बाबा,
लीले करे सवारी,
तीन बाण काँधे पे सोहे,
हाथ ध्वजा है प्यारी,
बाबा लीले असवार,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो।bd।

शीश के दानी महा बलवानी,
बाबा श्याम हमारे,
शरणागत के भाव देखकर,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बनते श्याम सहारे,
'नंदू' मांगो इनसे प्यार,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो।bd।

श्याम बाबा की जयकार,
बोलो जी बोलो,
लीले वाले की जयकार,
बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो,
बोलो जी बोलो बोलो जी बोलो।bd।

स्वर – महाराज श्री श्याम सिंह जी चौहान।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com